# अब सरकार देगी पंचायत सचिवों को विशेष भत्ता

- मुख्यमंत्री ने पंचायत सचिवों के सम्मेलन में की घोषणा
- वेतनमान सहित अन्य सेवा शर्तों पर विचार करने बनेगी कमेटी

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पंचायत सचिवों के सम्मेलन में की घोषणा



प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 16 जनवरी. प्रदेश के पंचायत सचिवों को राज्य सरकार अब विशेष भत्ता भी देगी. वहीं पंचायत सचिवों के वेतनमान सहित अन्य सेवा शर्तों पर विचार करने के लिये एक कमेटी भी बनेगी, कमेटी की रिपोर्ट के बाद अनुशंसाओं को लागू किया जाएगा.**

इतना ही नहीं सेवाकाल के दौरान पंचायत सचिव की मृत्यु पर परिवार को दी जाने वाली डेढ़ लाख रुपये की आकस्मिक सहायता राशि को अब अनुकंपा नियुक्ति के बाद वापस नहीं ली जाएगी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस संबंध में बड़ी घोषणा की है. मुख्यमंत्री शुक्रवार को भेल दशहरा मैदान पर आयोजित प्रदेश स्तरीय पंचायत सचिव सम्मेलन में शामिल हुए. इस दौरान उन्होंने पंचायत सचिवों को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत सचिवों के सेवाकाल की आयु सीमा 62 वर्ष निर्धारित की गई है. उनके लिए 7वें वेतनमान के आदेश जारी किए जा चुके हैं. यहां बता दें कि राज्य सरकार ने पंचायत सचिवों के लिये 1300 रुपये प्रतिमाह विशेष भत्ता भी तय कर दिया है.

### जन सेवा का है पवित्र अवसर : पटेल

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद पटेल ने कहा कि ग्राम सभा से लेकर विकास कार्यों के क्रियान्वयन तक हर प्रक्रिया की धूरी पंचायत सचिव हैं. उनका दायित्व केवल नौकरी नहीं, जन सेवा का पवित्र अवसर है. पंचायत सचिवों को आयुष्मान कार्ड योजना के दायरे में लाने की शुरुआत कर दी गई है. पंचायत सचिवों को मिलने वाला 1300 रुपए भत्ता भी प्रारंभ किया जाएगा. म.प्र. पंचायत सचिव संगठन के प्रदेशाध्यक्ष राजेश पटेल ने कहा कि यह महासम्मेलन ग्रामीण भारत की रीढ़ को सशक्त करने का आयोजन है. राज्य सरकार ने वर्ष 2026 को किसान कल्याण के लिए समर्पित किया है.

### हनुमान जी की भूमिका में काम करते हैं पंचायत सचिव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी पंचायती राज व्यवस्था में पंचायत सचिव जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की धुरी हैं. वे सरकारी नीति-निर्णयों और योजनाओं को क्रियान्वित कर धरातल पर उतारते हैं. राज्य सरकार, पंचायत, पंचायत सचिव और पंच परमेश्वर के सहयोग से जनकल्याण के साथ विकास के पैमाने पर आगे बढ़ रही है. हम रामराज की कल्पना करें तो पंचायत सचिव एक प्रकार से पंचायती राज में हनुमान जी की भूमिका में काम करते हैं. प्रधानमंत्री आवास हो या आर्थिक सहायता का लाभ, सभी जनकल्याणकारी कार्य पंचायत सचिव ही पूर्ण कराते हैं. वे ग्रामीण परिवारों के लिए एक सदस्य के नाते संपूर्ण जिम्मेदारी के साथ काम करते हैं. ऐसे में पंचायत सचिवों की चिंता करना सरकार का कर्तव्य है. पंचायत सचिवों के लिए जिला स्तर पर कैडर का गठन करने के साथ उन्हें डिजिटल भारत के निर्माण के लिए सभी तरह के तकनीकी संसाधनों से लैस किया जा रहा है.

## असम के विद्यार्थी के साथ मारपीट के मामले में कड़ी कार्रवाई होगी

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, शहडोल में असम के विद्यार्थी के साथ हुई मारपीट पर संज्ञान लेते हुए कठोर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय में असम के विद्यार्थी के साथ छात्रावास में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है. पुलिस द्वारा वैधानिक कार्यवाही की जा रही है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने भी जिम्मेदारी लेते हुए आरोपी छात्रों के विरूद्ध अपने स्तर पर आवश्यक एक्शन लिया है.

# मप्र को मिलेगी 8 एनएच परियोजनाओं की सौगात

## 4400 करोड़ की परियोजनाओं का होगा लोकार्पण



प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 16 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 17 जनवरी का दिन मप्र के लिए सौगात भरा होगा. इस दिन केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी विदिशा जिले में आयोजित कार्यक्रम में 4,400 करोड़ रूपये से अधिक लागत से निर्मित एवं प्रस्तावित 8 राष्ट्रीय राजमार्ग परियाजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 181 किलोमीटर लम्बी ये परियोजनाएं मध्य भारत एवं बुंदेलखंड क्षेत्र की सड़क कनेक्टिविटी को मजबूती प्रदान करेंगी और प्रदेश के सड़क एवं परिवहन अवसंरचना विकास की दिशा में एक ओर ऐतिहासिक अध्याय जुड़ेगा. इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से भोपाल-विदिश-सागर-राहतगढ-ब्यावरा सहित प्रमुख औद्योगिक, कृषि एवं पर्यटन मार्गों पर यातायात सुगम होगा. चार-लेन चौड़ीकरण से जहां यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी आएगी.

### लोकार्पित होने वानी परियोजनाएं

1. रातापानी वन्यजीव अभ्यारण्य क्षेत्र, अब्दुल्लागंज-इटारसी खंड, 4-लेन चौड़ीकरण लंबाई 12 किमी, लागत 418 करोड़
2. देहगांव-बम्होरी मार्ग का निर्माण कार्य, लंबाई-27 किमी, लागत : 60 करोड़

### शिलान्यास होने वाली परियोजनाएं

1. भोपाल-विदिशा खंड का 4-लेन चौड़ीकरण, लंबाई 42 किमी, लागत 1,041 करोड़
2. विदिशा-ग्यारसपुर खंड का 4-लेन चौड़ीकरण, लंबाई 29 किमी, लागत 543 करोड़
3. ग्यारसपुर-राहतगढ़ खंड का 4-लेन चौड़ीकरण, लंबाई 36 किमी, लागत 903 करोड़
4 राहतगढ़-बेरखेड़ी खंड का 4-लेन चौड़ीकरण, लंबाई- 10 किमी, लागत : 731 करोड़
5. सागर वेस्टर्न बायपास (ग्रीनफील्ड) का 4-लेन निर्माण, लंबाई 20.2 किमी, लागत 688 करोड़
6. भोपाल-ब्यावरा खंड पर 5 अंडरपास, लंबाई 5 किमी, लागत 122 करोड़

# जल प्रदूषण त्रासदी से प्रभावित परिवारों से मिलने आएंगे राहुल



विशेष संवाददाता

**भोपाल, 16 जनवरी. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार को इंदौर का दौरा करेंगे. इस दौरान वे दूषित जल आपूर्ति के कारण जान गंवाने वाले पीड़ितों के परिजनों से मुलाकात करेंगे.**

यह दौरा प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करने और जमीनी स्तर पर हालात की गंभीरता को समझने के उद्देश्य से किया जा रहा है. घोषित कार्यक्रम के अनुसार, राहुल गांधी सुबह 9.30 बजे विशेष विमान से दिल्ली से प्रस्थान कर करीब 11 बजे इंदौर पहुंचेंगे. इसके बाद वे सड़क मार्ग से इंदौर एयरपोर्ट से बॉम्बे हॉस्पिटल जाएंगे और लगभग 11.45 बजे वहां पहुंचेंगे. बॉम्बे हॉस्पिटल में वे जल प्रदूषण की घटना के कारण भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेंगे. दोपहर 12.15 बजे वे भागीरथपुरा के लिए रवाना होंगे, जहां करीब एक घंटे तक जल प्रदूषण त्रासदी से प्रभावित परिवारों से भेंट करेंगे.

# मौतों के विरोध में युवा कांग्रेस का आंदोलन

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 16 जनवरी. इंदौर में दूषित पेयजल आपूर्ति के कारण नागरिकों की मौत हो गई है और सैकड़ों लोग गंभीर रूप से बीमार पड़े हैं. भारतीय युवा कांग्रेस ने इस त्रासदी को किसी प्राकृतिक आपदा के बजाय सरकार की लापरवाही और प्रशासनिक असंवेदनशीलता का परिणाम बताया है.**



इस गंभीर जनस्वास्थ्य संकट को उजागर करने के लिए भारतीय युवा कांग्रेस ने सात दिनों तक क्रमिक अनशन किया, जिसका समापन गुरुवार को वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में हुआ. संगठन का आरोप है कि आंदोलन के बावजूद न तो कोई मंत्री और न ही कोई वरिष्ठ अधिकारी अनशन स्थल पर पहुंचा और न ही पीड़ित परिवारों से संवाद किया गया.

युवा कांग्रेस नेताओं ने बताया कि अब यह आंदोलन पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में प्रदेशव्यापी पदयात्रा के रूप में आगे बढ़ेगा, जिसका उद्देश्य न्याय, जवाबदेही और मानवीय गरिमा सुनिश्चित करना है. युवा कांग्रेस ने मृतकों के परिजनों को एक करोड़ रुपये मुआवजा, हाईकोर्ट की निगरानी में स्वतंत्र जांच और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है.



## गौतम गंभीर ने श्री महाकालेश्वर के किए दर्शन

**उज्जैन.** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर एवं बेटिंग कोच शीतांशु ने शुक्रवार को उज्जैन स्थित ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर के प्रात:कालीन भस्म आरती में सम्मिलित होकर दर्शन लाभ लिया. मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक आशीष फलवाडिया द्वारा गंभीर का स्वागत एवं सत्कार किया गया.

# मौसम : शहडोल में 4.6 डिग्री तक गिरा तापमान

**भोपाल, 16 जनवरी. उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं का असर अब मध्यप्रदेश में पूरी तरह दिखाई देने लगा है. प्रदेश के कई हिस्सों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है और न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है. ठंड के साथ शीतलहर और घने कोहरे ने जनजीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है.**

कई जिलों में सुबह के समय दृश्यता काफी कम रही, जिससे सड़क और रेल यातायात पर भी असर पड़ा है. बीती रात शहडोल जिले के कल्याणपुर क्षेत्र में प्रदेश का सबसे कम न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. इसके अलावा चार अन्य शहरों में भी पारा 5 डिग्री से नीचे रहा. शाजापुर जिले में शीतलहर के कारण ठंड का अहसास और अधिक तीखा हो गया है, वहीं अनुपपुर, उमरिया, कटनी और मंदसौर जैसे जिलों में भी सर्द हवाओं ने लोगों को घरों में रहने पर मजबूर कर दिया है.

मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार सुबह ग्वालियर-चंबल, रीवा, शहडोल और सागर संभागों में मध्यम से घना कोहरा छाया रहा. ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, रीवा, सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों में कोहरे के कारण दृश्यता कम रही. भोपाल और इंदौर में भी रात के तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई है, जिससे ठंड का असर बढ़ गया है.



पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यत: शुष्क बना रहा. अधिकतम तापमानों में विशेष बदलाव नहीं देखा गया, हालांकि नर्मदापुरम संभाग में तापमान सामान्य से करीब 1.8 डिग्री सेल्सियस तक अधिक रहा. वहीं न्यूनतम तापमान नर्मदापुरम और जबलपुर संभागों में 2.1 से 3.1 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया. मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, उत्तर-पश्चिम भारत में उपोष्ण पश्चिमी जेट स्ट्रीम हवाएं तेज गति से बह रही हैं. इसके अलावा 19 जनवरी से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है.

# आदिवासी महिला की पैतृक भूमि हड़पने के मामले में पप्पू गिरफ्तार

**पन्ना, 16 जनवरी. पन्ना पुलिस ने अनुसूचित जनजाति की महिला की पैतृक भूमि को छल-कपट और फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से हड़पने के गंभीर प्रकरण का पर्दाफाश किया है.**



विवेचना के दौरान ठोस साक्ष्यों के आधार पर कांग्रेस नेता एवं पीसीसी सदस्य श्रीकांत उर्फ पप्पू दीक्षित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जबकि अन्य आरोपी अनुपम त्रिपाठी की तलाश जारी है. मामला 25 सितंबर 2025 को दर्ज किया गया था. फरियादिया संतोषरानी ने शिकायत में बताया कि उनके पिता की मृत्यु बचपन में हो चुकी थी और उनकी माता मल्लनबाई नेत्रहीन हैं. उनके पिता के नाम ग्राम मनौर की 2 हेक्टेयर भूमि का रिकॉर्ड खसरा नंबर 148/4 में है, जिसकी वैध उत्तराधिकारी केवल फरियादिया और उनकी बड़ी बहन कुसुमरानी हैं.

आरोप है कि पप्पू दीक्षित और अनुपम त्रिपाठी ने बिना उनकी जानकारी के, मृत खातेदार का फर्जी पुत्र दिखाकर कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से भूमि का नामांतरण करवा लिया और स्वयं के नाम करवा लिया.

# गोयल के ठिकानों पर आयकर छापे

नव भारत न्यूज

**इंदौर. 16 जनवरी. सपना संगीता क्षेत्र में शुक्रवार को आयकर विभाग ने सड़क निर्माण और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र की प्रमुख कंपनी बीआर गोयल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के ठिकानों पर बड़ी कार्रवाई की.**

सुबह शुरू हुई यह कार्रवाई पूरे दिन चली, जिसमें आयकर विभाग की टीमें कंपनी से जुड़े विभिन्न परिसरों में दस्तावेजों और डिजिटल रिकॉर्ड की जांच में जुटी रहीं. आयकर विभाग की टीम सबसे पहले कंपनी के सपना संगीता रोड स्थित कार्यालय पहुंची, जहां अधिकारियों ने वित्तीय दस्तावेज, बही खाते, बिलिंग रिकॉर्ड और बैंक लेन देन से जुड़े कागजात खंगाले. इसके साथ ही कंप्यूटर, लैपटॉप और मोबाइल फोन में मौजूद डिजिटल डेटा की भी जांच की गई. कार्रवाई के दौरान अधिकारी किसी को भी परिसर से बाहर जाने की अनुमति नहीं दे रहे थे. सूत्रों ने बताया कि यह कार्रवाई आय व्यय से जुड़े असंतुलन, बड़े लेन देन और टैक्स से संबंधित संभावित अनियमितताओं को लेकर की गई है. आयकर विभाग को पूर्व में मिले इनपुट के आधार पर सर्वे की यह कार्रवाई की गई, हालांकि विभागीय स्तर पर इसे लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है. बीआर गोयल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड इंदौर की जानी मानी निर्माण कंपनी है, जो सड़क, पुल और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स पर काम कर चुकी है. कंपनी से जुड़े दस्तावेजों का मिलान आयकर रिटर्न और खर्चों के विवरण से किया जा रहा है. शाम तक कार्रवाई जारी रही, लेकिन किसी तरह की जब्ती या टैक्स चोरी के आंकड़ों को लेकर विभाग की ओर से स्थिति स्पष्ट नहीं की गई. सूत्रों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही आगे की कार्रवाई या निष्कर्ष सामने आएंगे.




### सुबह से देर शाम तक चलती रही आयकर की कार्रवाई

## रात में बिजली कनेक्शन काटने पहुंचे कर्मचारी

**भिंड.** जिले के लहार अनुभाग में आधी रात बिजली कनेक्शन काटने पहुंचे बिजली विभाग के कर्मचारियों और एक परिवार के बीच विवाद का अनोखा मामला सामने आया है. घटना गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात करीब ढाई बजे की है, जब बिजली विभाग की टीम एक महिला के घर कनेक्शन काटने पहुंची. बिजली घर क्षेत्र निवासी पूनम बघेल अपने घर में 16 वर्षीय बेटी और बेटे के साथ रहती हैं, जबकि उनके पति गुजरात में नौकरी करते हैं. रात में चार-पांच युवक वाहन से उतरकर उनके घर पहुंचे और गेट खटकाने लगे. खुद को बिजली कर्मचारी बताते हुए उन्होंने दरवाजा खोलने को कहा, लेकिन देर रात अजनबियों के आने से महिला डर गई और दरवाजा खोलने से इनकार कर दिया.

# भोपाल मंडल में कैशलेस ट्रांजेक्शन को बढ़ावा

## दिसंबर में 20.7 करोड़ रुपये का डिजिटल भुगतान

**भोपाल, 16 जनवरी. भारतीय रेल यात्रियों को आधुनिक डिजिटल तकनीक के माध्यम से कैशलेस भुगतान सुविधा प्रदान करने के प्रयास में निरंतर सक्रिय है. इसी कड़ी में भोपाल मंडल में यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और तेज़ डिजिटल भुगतान विकल्प उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है.**

दिसंबर माह में भोपाल मंडल में आरक्षित टिकट के लिए पीआरएस के माध्यम से 28,881 यात्रियों और अनारक्षित टिकट के लिए यूटीएस के माध्यम से 2.5 लाख यात्रियों ने कैशलेस भुगतान किया, जिससे कुल 20.7 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित हुआ. इसमें कंप्यूटरीकृत आरक्षण प्रणाली में पीओएस मशीनों से 2,14,905, यूपीआई से 11,52,615 और क्यूआर कोड के माध्यम से 1,29,87,735 का भुगतान शामिल है. वहीं यूटीएस (अनारक्षित टिकट प्रणाली) में मोबाइल टिकटिंग से ?63,78,845 की राशि प्राप्त हुई. डिजिटल भुगतान के लाभों में नकद ले जाने की आवश्यकता समाप्त होना, समय की बचत और लेन-देन की पारदर्शिता शामिल हैं. रेलवे द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले सभी डिजिटल मोड उच्च सुरक्षा मानकों और एन्क्रिप्शन तकनीक से सुरक्षित हैं. भोपाल मंडल के सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि डिजिटल भुगतान प्रणाली को और अधिक सुलभ बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं.




### अमृत भारत ट्रेन की विशेष सेवा शुरू

**भोपाल.** पश्चिम मध्य रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए अमृत भारत एक्सप्रेस की नई विशेष सेवा शुरू की है. यह ट्रेन पनवेल जंक्शन-अलीपुरद्वार जंक्शन-पनवेल जंक्शन के बीच साप्ताहिक रूप से चलेगी और 17 जनवरी 2026 को सिलीगुड़ी जंक्शन से पनवेल जंक्शन के लिए इनॉगरल विशेष सेवा रवाना होगी. विशेष ट्रेन संख्या 01032 सिलीगुड़ी से दोपहर 13:44 बजे प्रस्थान कर इटारसी सहित कई महत्वपूर्ण स्टेशनों से होकर अगले दिन पनवेल पहुंचेगी.

सराहनीय | मप्र को नक्सल मुक्त करने पर सीएम ने पुलिस की तारीफ की, आईपीएस सर्विस मीट का शुभारंभ

# पुलिस ने आस्तीनों के सांपों का फन कुचला

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 16 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नक्सलियों को आस्तीन का सांप करार दिया है. उन्होंने मप्र को नक्सल मुक्त करने के लिये पुलिस की जमकर तारीफ भी की.**

सीएम ने कहा कि पुलिस ने न सिर्फ आस्तीन में छिपे सांपों को पहचाना बल्कि उनका फन कुचलकर उसे राज्य से बाहर भी कर दिया. प्रदेश से नक्सलियों का पूरी तरह सफाया करना असंभव को संभव करने जैसा था. मुख्यमंत्री ने प्रदेश से नक्सल उन्मुलन के लिए पुलिस अधिकारियों को बधाई दी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आईपीएस सर्विस मीट का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना तथा अध्यक्ष भारतीय पुलिस सेवा संघ चंचल शेखर ने पुष्पगुच्छ और पौधा भेंट कर स्वागत किया. कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सलामी ली और भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों के साथ उनका ग्रुप फोटो हुआ. इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस की ड्यूटी में कई तरह की चुनौतियां होती हैं, लेकिन पुलिस बल हर समय अपने कर्तव्य पर उत्साह और उमंग के साथ डटा रहता है. सभी पुलिसकर्मी अभिनंदन के पात्र हैं, पुलिस का अनुशासन सराहनीय और अनुकरणीय है. प्रदेश सरकार के लिए वर्ष 2025 उपलब्धियों से भरा रहा है. राष्ट्र विरोधी ताकतों को मप्र पुलिस जड़ से खत्म कर रही है. राज्य में संगठित अपराध के लिए कोई स्थान नहीं है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकतंत्र और कानून-व्यवस्था की मजबूती में पुलिस का महत्वपूर्ण योगदान है. जल्द ही प्रदेश पुलिस को पदोन्नति की स्वीकृति का समाचार मिलेगा. इसके साथ ही पुलिस विभाग में पर्याप्त भर्तियां भी होंगी.



### आशीष शर्मा का शहीद होना दुर्भाग्यपूर्ण

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने कहा कि प्रदेश को नक्सलमुक्त करने में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मार्गदर्शन और उनके द्वारा लिए गए त्वरित निर्णयों की महत्वपूर्ण भूमिका रही. नक्सल आपरेशन्स में पुलिस निरीक्षक आशीष शर्मा का शहीद होना दुर्भाग्यपूर्ण रहा. मकवाना ने कहा कि डायल 112 योजना का छह माह में क्रियान्वयन और नए अपराधिक कानूनों को लागू करना वर्ष 2025 की बड़ी उपलब्धि रही. इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में संसाधन और रिक्त पदों की पूर्ति करते हुए तैयारियां जारी हैं. मकवाना ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा आगामी एक अप्रैल 2026 से नारकोटिक्स से देश को मुक्त करने का अभियान आरंभ किया जा रहा है. देश को ड्रग्स मुक्त बनाने के लिए तीन वर्ष का लक्ष्य रखा गया है. ड्रग्स माफिया के विरुद्ध पुलिस का अभियान निरंतर जारी रहेगा.

# राज्य सचिवालय कर्मचारियों का प्रदर्शन

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 16 जनवरी. पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को मंत्रालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ और मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच द्वारा वल्लभ भवन गेट क्रमांक-06 के सामने संयुक्त रूप से प्रदर्शन किया गया.**




इस प्रदर्शन के माध्यम से मंत्रालयीन कर्मचारियों सहित प्रदेश के अन्य शासकीय कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों की ओर शासन का ध्यान आकर्षित किया गया. खरमास की अवधि समाप्त होने के बाद यह आंदोलन का प्रथम सांकेतिक चरण बताया गया. कर्मचारी नेताओं ने कहा कि यदि इस चरण के बाद भी कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आता है, तो आगामी माह होने वाले विधानसभा सत्र के दौरान और अधिक व्यापक आंदोलन किया जाएगा.

प्रदर्शन में तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ, निगम-मंडल कर्मचारी संघ, परिवहन कर्मचारी संघ तथा वन कर्मचारी संघ सहित कई कर्मचारी संगठनों ने समर्थन देते हुए सहभागिता की. प्रदर्शन को मंत्रालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष इंजीनियर सुधीर नायक तथा कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पाण्डे ने संबोधित किया.